भारत सरकार
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार हेतु ज्ञान तक पहुँच (ए2के+) अध्ययन

सत्यमेव जयते

प्रस्तावों के लिए आमंत्रण

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) ***पृथक वैधानिक अस्तित्व वाले सार्वजनिक वित्त पोषित निकायों अथवा संस्थानों यथा – अनुसंधान एवं प्रबंधन के उन्नतर शिक्षा संस्थानों, अनुसंधान तथा विकास संस्थानों, उद्योग संघों, वाणिज्य तथा उद्योग मंडलों, तकनीकी परामर्शी संगठनों, आदि*** से प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार हेतु ज्ञान तक पहुँच (ए2के+) अध्ययन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

ए2के+ अध्ययन कार्यक्रम का उद्देश्य उपयोगी जानकारी तथा ज्ञान आधार प्रदान करने के उद्देश्य से, प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में उद्योग, उद्योग संघों, शिक्षा संस्थानों, अनुसंधान संस्थानों, परामर्शदाताओं, उद्यमियों, अनुसंधान-कर्त्ता विद्यार्थियों तथा नीति-निर्माताओं को इन क्षेत्रों में आगे किसी तरह का कार्य करने में सहायता प्रदान करना है : उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में विकासों का अध्ययन तथा विश्लेषण करना और निष्कर्षों, अधिगमों तथा परिणामों को व्यापक प्रसार के लिए अभिलेखबद्ध करना; तथा सार्वजनिक निधीयत संस्थानों से ऐसी प्रौद्योगिकियों पर स्थिति रिपोर्टें तैयार करना जो वाणिज्यीकरण के लिए तैयार हों जिससे अनुसंधान परिणामों का अंतरण संस्थानों से बाजार की ओर करने को बल मिले।

अध्ययन के लिए प्रस्ताव निम्नलिखित विषय पर आमंत्रित हैं:

भारत में शिक्षा संस्थानों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं तथा उद्योग में विकसित टीआरएल-6 और उससे ऊपर की प्रौद्योगिकियों का तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन

अध्ययन का विस्तार-क्षेत्र :

- प्रौद्योगिकी वाणिज्यीकरण क्षमता वाली टीआरएल-6 और उससे ऊपर की प्रौद्योगिकियों की पहचान एवं ट्रेकिंग;
- भारत में और वैश्विक चिह्नित प्रौद्योगिकियों का स्तर(प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर का मूल्यांकन *बनाम* बाजार/वाणिज्यिक तत्परता स्तर);
- वाणिज्यीकरण में चुनौतियाँ;
- प्रौद्योगिकी वाणिज्यीकरण बढ़ाने के बहुमुखी दृष्टिकोण (मॉडलों, प्रौद्योगिकी वाणिज्यिक भागीदारी का विकास और इसका क्रियान्वयन, आदि सहित);
- नीति-निर्माताओं (सरकार), प्रौद्योगिकी विकासकर्त्ता (शिक्षा संस्थान/प्रयोगशालाएँ/उद्योग) और वाणिज्यिक एजेंसी (उद्योग) के लिए संस्तुतियाँ ।

अवधि : 1 वर्ष तक

अध्ययन कराने हेतु पात्र एजेंसी : पृथक वैधानिक अस्तित्व वाले सार्वजनिक वित्त पोषित निकाय अथवा संस्थाएँ

आवेदन प्रस्तुत किया जाना : आवेदन का निर्धारित प्रारूप http://dsir.gov.in/#files/12plan/a2k/a2ks.html वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदकों को प्रस्ताव की विधिवत हस्ताक्षरित पाँच हार्ड कॉपी, पेन ड्राइव के साथ **डॉ. सुजाता चकलानोबिस, प्रमुख (ए2के+)**, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, टेक्नोलोजी भवन, नया महरौली रोड़, नई दिल्ली-110016 को भिजवाना चाहिए। इसके लिफाफे पर स्पष्टतः **"CONFIDENTIAL, A2K+Studies"** लिखा जाए। इसके अतिरिक्त, एक सॉफ्ट कॉपी [एमएस वर्ड फाइल, न कि पीडीएफ़ फाइल] ई-मेल से priya@nic.in पर भी भिजवाई जाए।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :

डॉ. विपिन सी. शुक्ला, वैज्ञानिक 'एफ़'
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग,
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
टेक्नोलोजी भवन, नया महरौली रोड़, नई दिल्ली-110016
ई-मेल : vipin.shukla@gov.in फोन : 011-26590463

प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि : 04/02/2021